दैनिक
# न्याय साक्षी



## संपादकीय

### अमेरिका सिर्फ थका भी है या..

बीते रविवार यानी 8 सितम्बर को तालिबान नेताओं, अफगान राष्ट्रपति और राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के बीच कैम्प डेविड में एक वार्ता होनी थी, जिसे ट्रंप ने रद्द कर दिया।

उनके अनुसार इसके पीछे मुख्य वजह काबुल में तालिबान द्वारा किए गए कार बम धमाके हैं, जिनमें अमेरिकी सैनिक समेत अनेक लोगों की मौत हो गई थी। तालिबान नेताओं के कैम्प डेविड पहुंचने से पहले अफगानिस्तान के लिए विशेष अमेरिकी राजदूत जल्मे खलीलजाद तालिबान के साथ सैद्धांतिक तौर पर एक शांति समझौता होने की घोषणा कर चुके थे। प्रस्तावित समझौते के अनुसार अमेरिका अगले 20 सप्ताह के भीतर अफगानिस्तान से अपने 5400 सैनिकों को वापस लेने वाला था। बदले में तालिबान नेताओं द्वारा गारंटी दी जानी थी कि अफगानिस्तान की जमीन का इस्तेमाल अमेरिका और उसके सहयोगियों पर हमले के लिए नहीं किया जाएगा।

खास बात यह है कि तालिबान जिस दौर में अफगान सरकार से बातचीत करने से यह कहते हुए इनकार करते रहे कि अफगान सरकार अमेरिका की कठपुतली है। उसी दौर में अमेरिका और तालिबान के बीच कतर में नौ दौर की शांति वार्ता हुई। आखिर क्यों? क्या अमेरिका अभी भी कोई गेम खेल रहा है? अमेरिकी इतिहास में शायद अफगान युद्ध सबसे लंबा युद्ध है। खास बात यह कि जैसे-जैसे समय बीतता जा रहा है तालिबान और मजबूती हासिल करता जा रहा है। काबुल के दक्षिण में रणनीतिक तौर पर अहम माने जाने वाले गजनी प्रांत की राजधानी में तालिबानी दखल है। फराह प्रांत की राजधानी पर भी उनका प्रभाव है।

हेलमंड और कंधार प्रांत के बड़े हिस्से तालिबान के नियंत्रण में हैं। गौरतलब है कि तालिबान को सिंगल मैकेनिज्म आधारित आतंकी संगठन मानकर नहीं चलना चाहिए। अफगानिस्तान के अन्य आतंकी संगठनों के साथ इनकी बॉण्डिंग है। जैसे-हक्क़ानी नेटवर्क जो पाकिस्तान के वजीरिस्तान ट्राइबल फ्रंटियर से संचालित हो रहा है और तालिबान का विशेष सहयोगी है। ऐसे ही कुछ और समूह भी हैं, जो तालिबान को ताकत प्रदान कर रहे हैं। इस पूरे दौर में पाकिस्तान एक तरफ अमेरिका का सिपहसालार बना रहा लेकिन तालिबान को भी मजबूत करने में उसने निर्णायक भूमिका निभाई। इसी वजह से तालिबान अंतरराष्ट्रीय सेना को नुकसान पहुंचाने में सफल हुए। फलत: 2014 से अब तक अफगान सुरक्षा बलों के करीब 45000 सदस्य मारे गए और 2001 के बाद से अब तक अंतरराष्ट्रीय सेना के करीब 3500 सदस्य मारे जा चुके हैं, जिनमें 2300 अमेरिकी सैनिक हैं। लगता है कि 5.9 ट्रिलियन डॉलर खर्च करने और 2300 सैनिकों की जान गवांने वाला अमेरिका अब आत्मसमर्पण की मुद्रा में है। लेकिन वह यह भी नहीं चाहता कि दुनिया इसे उसकी नि:शक्त ता के रूप में देखे।

## अरामको पर ड्रोन हमले के बाद कच्चे तेल की कीमतों में 10 प्रशित उछाल, भारत पर भी पड़ेगा असर

**नई दिल्ली।** सऊदी अरब के ऑइल प्रोसेसिंग प्लांट्स पर शनिवार को ड्रोन से हुए हमलों के चलते इंटरनैशनल मार्केट में तेल के दाम 10 फीसदी बढ़ गए हैं। सोमवार के एशियाई बाजारों में शुरुआती कारोबार में कीमतों में तेजी देखी गई, जिसका असर पूरे विश्व पर पड़ सकता है। हमले की वजह से दुनिया के सबसे बड़े क्रूड उत्पादक की आपूर्ति करीब आधी हो गई और कच्चे तेल की कीमत ऊपर पहुंच गई हैं। एशियाई बाजार में शुरुआत में ब्रेंट क्रूड 11.77 फीसदी की तेजी के साथ 67.31 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट



10.68 फीसदी चढ़कर 60.71 डॉलर पहुंच गया।

अंतर्राष्ट्रीय बाजार में एक शुरुआती कारोबार में एक समय ब्रेंट क्रूड के दाम 20 पर्सेंट तक की तेजी देखी गई, जबकि वेस्ट टेक्सास के दाम 15 पर्सेंट तक की तेजी के साथ कारोबार करते देखे गए। कच्चे तेल के दाम बढ़ने की वजह से पेट्रोल-डीजल के दामों में बढ़ोतरी हो सकती है।

पहले ही ऐसा माना जा रहा था कि कुछ समय के लिए कीमतों में उछाल आ सकता है लेकिन इससे इंडियन रिफाइनरी कंपनियों को क्रूड की सप्लाई में फिलहाल रुकावट आने के आसार नहीं हैं। अगर क्षतिग्रस्त प्रोसेसिंग फैसिलिटी में उत्पादन दोबारा शुरू होने में देरी हुई तो उन्हें क्रूड के लिए वैकल्पिक स्रोतों की तलाश करनी पड़ सकती है। ड्रोन हमलों से प्रभावित प्रोसेसिंग प्लांट्स में 57 लाख बैरल रोजाना क्रूड का उत्पादन ठप पड़ गया है, जो सऊदी अरब के कुल उत्पादन का लगभग आधा और ग्लोबल क्रूड सप्लाई के 6 पर्सेंट के बराबर है। इसके चलते भारत सहित दुनियाभर में सप्लाई घटने और प्राइस उछलने का रिस्क बढ़ गया है। पिछले वित्त वर्ष में भारत की जरूरत का लगभग 16वा हिस्सा क्रूड सऊदी अरब से मंगाया था।

हिंदुस्तान पेट्रोलियम के चेयरमैन एम के सुराना ने ईटी से बातचीत में कहा, हमारे पास जो खबरें आ रही हैं, उनके मुताबिक सऊदी अरब ने यह नहीं कहा कि वह इस घटना के चलते कॉन्ट्रैक्ट का पालन नहीं कर पाएगा और आपूर्ति रोक देगा। वह क्लाइंट्स के साथ किए गए कॉन्ट्रैक्ट को पूरा करने के लिए अपने स्टॉक से ऑयल की सप्लाई करेगा। हमारी नजर इस बात पर होगी, उसके प्लांट्स में उत्पादन दोबारा शुरू होने में कितना वक्त लगता है। देश की दूसरी सबसे बड़ी ऑयल रिफाइनिंग और रिटेलिंग कंपनी इंडियन ऑयल की भी सऊदी अरब में बने हालात पर करीब से नजर रख रही है। उसके एक एग्जिक्युटिव ने कहा कि कंपनी भी अगले कुछ दिनों में सप्लाई की सिचुएशन के बाबत क्लैरिटी आने पर ही इस मामले में कोई कदम उठाएगी।

सऊदी अरब ने कहा है कि वह अपने क्लाइंट्स को सप्लाई देते रहने के लिए अपने पास मौजूद विशाल स्टॉक का इस्तेमाल करेगा। ऑइल इंडस्ट्री के एग्जिक्युटिव्स का कहना है कि सप्लाई में अचानक रुकावट आने के आसार नहीं हैं क्योंकि प्रड्यूसर्स, रिफाइनर्स और रिफाइनरी के लिए निकले जहाजों पर इतनी इन्वेंटरी है कि उससे अगले कुछ हफ्तों की जरूरत आराम से पूरी हो जाएगी।

## चांदी वायदा भाव में 1,161 रुपये प्रति किलोग्राम की तेजी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजारों में बहुमूल्य धातुओं में मजबूत रुख के बीच सटोरियों के अपना कारोबार बढ़ाने से सोमवार को वायदा बाजार में चांदी भाव 1,161 रुपये बढ़कर 46,922 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। एमसीएक्स पर दिसंबर डिलीवरी अनुबंधों में चांदी वायदा भाव 1,161 रुपये यानी 2.54 प्रतिशत बढ़कर 46,922 रुपये प्रति किलोग्राम रहा। इसके लिए 4,717 लॉट का कारोबार हुआ। इसी तरह मार्च डिलीवरी सौदों के लिए 326 लॉट के कारोबार में यह दाम 1,100 रुपये यानी 2.35 प्रतिशत की तेजी के साथ 47,950 रुपये प्रति किलोग्राम हो गया। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर न्यूयॉर्क में चांदी भाव 2.11 प्रतिशत बढ़कर 17.94 डॉलर प्रति औंस रहा।

## कैट ने मोदी सरकार को लिखा पत्र, फ्लिपकार्ट-अमेज़न के फेस्टिव बंपर छूट पर रोक लगाने की मांग

**नई दिल्ली।** कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (सीएआईटी) ने सरकार को पत्र लिखकर ई-कॉमर्स कंपनियों द्वारा त्योहार के सीजन में भारी छूट देने पर रोक लगाने की मांग की है। ट्रेडर्स की यह प्रतिक्रिया फ्लिपकार्ट द्वारा दि बिग बिलियन डेज सेल की तारीखों की घोषणा करने के कुछ दिनों बाद ही आई है। ट्रेडर्स ने फ्लिपकार्ट के अलावा इसकी प्रतिद्वंद्वी कंपनी अमेजन और इस तरह की अन्य ई-कॉमर्स कंपनियों की त्योहारी सीजन की सेल पर नियंत्रण लगाने की मांग की है।

हाल ही में फ्लिपकार्ट ने घोषणा की थी कि दिवाली और दशहरा से पहले उसकी हर साल होने वाली छह दिवसीय सेल 29 सितंबर से शुरू होगी। अमेजन द्वारा उसकी वार्षिक बंपर सेल की तारीखों की घोषणा होना अभी बाकी है। त्योहार के इन दिनों में ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ग्राहकों को लुभाने के लिए भारी छूट की पेशकश करते हैं। क्योंकि भारतीय त्योहारी सीजन के दौरान बड़े स्तर पर खरीदारी करते हैं।

सीएआईटी ने वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल को लिखे एक पत्र में कहा, ये कंपनियां अपने ई-कॉमर्स पोर्टल्स पर 10 से लेकर 80 फीसदी तक की बड़ी छूट पेश करके स्पष्ट रूप से कीमतों को प्रभावित कर रही हैं। कंपनियों द्वारा पेश की जा रही यह




असमानता नीतियों का उल्लंघन है।

सीएआईटी ने कहा कि त्योहारी सीजन के दौरान विभिन्न ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्मो द्वारा दी जाने वाली बड़ी छूट का प्रचलन विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) नियमों के खिलाफ है।

## 463 किमी. लंबी रेस जीतने वाले पहले एशियाई बने मयंक, बनाया वर्ल्ड रेकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय ऐथलीट मयंक वैद ने दुनिया की सबसे कठिन रेस समझी जाने वाली एंड्योरैंस ट्राइथलॉन को जीतकर इतिहास रच दिया है। करीब 463 किमी. की इस रेस को मयंक ने पिछले रेकॉर्ड से 2.06 घंटे पहले पूरा कर नया वर्ल्ड रेकॉर्ड बनाया। मयंक यह रेस जीतने वाले पहले भारतीय ही नहीं, पहले एशियाई भी हैं। इस रेस में दौड़, तैराकी और साइक्लिंग के जरिए इंग्लैंड के लंदन से फ्रांस के पैरिस तक पार करनी होती है। इसे जीतने के लिए मयंक 140 किमी. दौड़े, 33.8 किमी. तक तैराकी की और 289.7 किमी. साइकल चलाई। मयंक ने यह रेस 50.24 घंटे में पूरी की, जो नया



वर्ल्ड रेकॉर्ड है। पिछला कीर्तिमान बेल्जियम के जूलियन डेनेयर के नाम 52.30 घंटे का था।मयंक ने कहा, यह दुनिया की सबसे पॉइंट टू पॉइंट ट्राइथलॉन रेस है। अब तक सिर्फ 44 लोग ही इसमें जीत दर्ज कर पाए हैं। इससे ज्यादा लोग माउंट एवरेस्ट पर चढ़ चुके हैं।

## कई बीमारियों में घिर गई है देश की ऑटो इंडस्ट्री

**नई दिल्ली।** लगातार दस महीनों से घट रही पैसेंजर वीइकल्स की बिक्री के अलग-अलग कारण सरकार और इंडस्ट्री की ओर से दिए जा रहे हैं। कोटक महिंद्रा बैंक के सीएमडी उदय कोटक ने जहां कहा है कि कारें अब स्टेटस सिंबल नहीं रहीं और ऑटो कंपनियों को ओला-ऊबर सरीखी शेयर्ड मोबिलिटी सर्विसेज से मिलने वाली चुनौतियों के लिए तैयार हो जाना चाहिए, वहीं वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन ने भी गाड़ियों की घटती बिक्री का एक कारण यह बताया था कि युवा जेनरेशन ओला-ऊबर को तरजीह दे रही है। मारुति सुजुकी इंडिया के चेयरमैन आर सी भार्गव का कहना है कि कई तरह के टैक्स के कारण कार खरीदने की लागत बढ़ने से ग्राहक छिटक रहे हैं। उधर बजाज ऑटो के बॉस राजीव बजाज कह रहे हैं कि यह परेशानी ऑटो कंपनियों ने गलत अनुमान पर ओवर-प्रॉडक्शन कर खुद मोल ली है।



**बिक्री केवल कारों या टू-वीलर्स की नहीं घट रही**

ओला-ऊबर का जो भी ऐंगल हो, बिक्री केवल कारों या टू-वीलर्स की नहीं घट रही है। अगस्त में पैसेंजर वीइकल सेल्स अगर 31.57% घटकर 1,96,524 यूनिट रही और टू-वीलर की 22.24% गिरकर 15,14,196 यूनिट रही तो कमर्शल वीइकल्स की सेल्स भी लगभग 39% घटकर 51,897 यूनिट रही। मारुति सुजुकी इंडिया के एग्जिक्युटिव डायरेक्टर शशांक श्रीवास्तव का कहना है, ओला-ऊबर 6-7 साल से यहां हैं। इसी दौरान ऑटो इंडस्ट्री ने अपना बेहतरीन दौर भी देखा है। पिछले कुछ महीनों में ही ऐसा क्या हुआ कि सुस्ती इतनी गंभीर हो गई?

## इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया को 135 रन से हराया, सीरीज बराबर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने एशेज सीरीज के 5वें टेस्ट में ऑस्ट्रेलियाई टीम को 135 रनों के बड़े अंतर से हरा दिया। इंग्लैंड से मिले 399 रनों के बड़े लक्ष्य का पीछा करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम 77 ओवर में सभी विकेट खोकर 263 रन बना सकी और जीत से 135 रन दूर रह गई। इस तरह एशेज सीरीज-2019 2-2 से बराबरी पर खत्म हुआ। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए मैथ्यू वेड ने सबसे अधिक 117 रन बनाए, जबकि इंग्लैंड के लिए स्टुअर्ट ब्रॉड और जैक लीच ने 4-4 विकेट झटके, जबकि दो विकेट कप्तान जो रूट के नाम रहे। पहली पारी में 6 विकेट झटकने वाले जोफ्रा आर्चर को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

इससे पहले इंग्लैंड की दूसरी पारी शनिवार के स्कोर में 16 रन जोड़कर 329 रन पर सिमट गई, जिससे ऑस्ट्रेलिया को 2001 के बाद पहली बार घर से बाहर इस सीरीज को जीतने के लिए 399 रन का लक्ष्य मिला। ऑस्ट्रेलिया के सलामी बल्लेबाज बड़े लक्ष्य का दबाव झेलने में नाकाम रहे। ब्रॉड ने पारी के 5वें ओवर में मार्कस हैरिस (9 रन) के ऑफ स्टंप को उखाड़ दिया। खराब फॉर्म से जूझ रहे डेविड वॉर्नर (11) एक बार फिर बड़ी पारी खेलने में नाकाम रहे। ब्रॉड के अगले ओवर में गेंद ने वॉर्नर के बल्ले का बाहरी किनारा लिया और स्लिप में खड़े रोरी बर्न्स ने कोई गलती नहीं की।

**वॉर्नर एक बार फिर नाकाम**

गेंद से छेड़छाड़ के दोषी पाए जाने के बाद एक साल का निलंबन झेलकर वापसी करने वाले वॉर्नर पूरी सीरीज के दौरान लय में नहीं दिखे और ब्रॉड की गेंद खेलने में उन्हें काफी परेशानी हुई। उन्होंने सीरीज की 10 पारियों में महज 95 रन बनाए और इस दौरान वह सात बार ब्रॉड का शिकार बने। पारी के 7वें ओवर में 29 रन पर दो विकेट




गंवाने के बाद फॉर्म में चल रहे मार्नस लाबुशाने (14) और पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ ने स्कोर को 50 के पार पहुंचाया। जब ऐसा लग रहा था की दोनों क्रीज पर जम गए हैं तभी स्पिनर जैक लीच की गेंद पर लाबुशेन स्टंप हो गए।

## आज का राशिफल

*मेष:-* लाभ के अवसर अचानक बनेंगे। भाग्य का साथ मिलेगा। पुराने किए गए प्रयासों का लाभ अब मिल सकता है। सामाजिक कार्य करने की प्रेरणा प्राप्त होगी। मान-सम्मान मिलेगा।

*वृष:-* फालतू खर्च पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। घर में मेहमानों का आवागमन रहेगा। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। आत्मविश्वास में बढ़ोतरी होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड में लाभ होगा।

*मिथुन:-* लेन-देन में जल्दबाजी तथा कार्य करते समय लापरवाही न करें। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है।

*कर्क:-* शारीरिक कष्ट से कार्य में बाधा उत्पन्न हो सकती है। वाणी पर नियंत्रण रखें। कुसंगति से हानि होगी। स्वास्थ्य पर खर्च होगा। आर्थिक स्थिति बिगड़ सकती है।

*सिंह:-* सुख के साधन जुटेंगे। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। आय में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा।

*कन्या:-* लाभ में वृद्धि होगी। नए कार्यकारी अनुबंध हो सकते हैं। नई योजना बनेगी। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। समाजसेवा करने की प्रेरणा प्राप्त होगी।

*तुला:-* दुष्टजनों को पहचानना आवश्यक है। उनसे दूर रहने के प्रयास करें। किसी धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सत्संग का लाभ प्राप्त होगा।

*वृश्चिक:-* कोई पुराना रोग उभर सकता है। वाहन व मशीनरी इत्यादि के प्रयोग में लापरवाही न करें। शारीरिक हानि की आशंका प्रबल है। दूसरों के कार्य में हस्तक्षेप न करें।

*धनु:-* किसी व्यक्ति के व्यवहार से स्वाभिमान को चोट पहुंच सकती है। जीवनसाथी से सहयोग प्राप्त होगा। कानूनी अड़चन दूर होगी। आय में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

*मकर:-* पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी। प्रेम-प्रसंग अनुकूल रहेंगे। भागदौड़ रहेगी। लाभ में कमी हो सकती है। स्थायी संपत्ति की खरीद-फरोख्त की योजना बनेगी। कारोबार अच्छा चलेगा।

*कुंभ:-* किसी मनोरंजक आनंददायी यात्रा की योजना बनेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। रचनात्मक कार्यों में रुचि जागृत होगी। स्वादिष्ट भोजन का आनंद प्राप्त होगा। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा।

*मीन:-* कानूनी अड़चन का सामना करना पड़ सकता है। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। विवाद हो सकता है। दु:खद समाचार की प्राप्ति संभव है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। पुराना रोग परेशानी का कारण बन सकता है।

## मिर्च समोसा बनाने की विधि...

### आवश्यक सामग्री :

**मिर्ची के भरवन के लिए-** 3 मिर्च धुली हुई, 2 उबले आलू, 100 ग्राम पनीर कदु कस किया हुआ, 2 चीज स्लाइस ग्रेड की हुई, 1/2 छोटी चम्मच लाल मिर्च पाउडर, 1/2 छोटी चम्मच धनिया पाउडर, 1/2 छोटी चम्मच जीरा पाउडर, 1/2 छोटी चम्मच अमचूर पाउडर, स्वादानुसार नमक,

**मैदे की पट्टी बनाने के लिए-** 2 कटोरी मैदा, 2 टेबल स्पून तेल (मोयन के लिए), स्वाद अनुसार नमक, 4-5 कुट्टी काली मिर्च, 1 चम्मच आजवाईन, 1/2 छोटी चम्मच धनिया पाउडर, 3 कप तेल तलने के लिए, 1/2 छोटी चम्मच मीठा सोडा

### बनाने की विधि :

एक बर्तन में मैदा, मोयन के लिए तेल, आजवाईन, नमक स्वादानुसार, धनिया पाउडर, काली मिर्च कुट्टी हुई, और मीठा सोडा मिला कर आछी तरह से मिक्स कर ले और गूँथ कर डो बना



ले. फीर इसे थोड़ी देर के लिए ढक कर रख दे.

मिर्ची बनाने के लिए सबसे पहले एक बर्तन में ऊपर दी हुई भरवन की सामग्री मिला ले. फीर मिर्ची को बीच से कट लगा कर भरवन भर दे. और इन्हें साइड मैं रख दे अब मैदा की रोटी बेल ले और इन्हे चाकू की मदद से लंबी पटीयों मै काट ले. अब भरवन मिर्च ले और धीरे धीरे इनके ऊपर लपेट दे. तब तक एक कढाई लें इसमें तेल गर्म करें और एक एक मिर्च डाल कर अच्छी तरह सुनहरा होने तक तले. (गैस तेज़ आंच पे नहीं रखे वरना ऊपर का कवर सिक जाएगा बट अंदर का कच्चा रेह जायेगा.) प्लेट मैं निकाले और लाल या हरी चटनी के साथ सर्व करें.

## शब्द सामर्थ्य- 88

**बाएं से दाएं**

1. आय व्यय का लेखा-जोखा, गणित, एकाउंट 3. विनती, अदब 6. दृष्टांत, सुपुर्दगी, उदाहरण 7. मूल्यवान, बहुमूल्य 8. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 10. बराबर, सम 12. मुख, चेहरा 14. अनुकृति, अनुकरण, असल का विलोम 17. दिमाग, मस्तिष्क 18. मनोहर, सुंदर, इच्छित, प्यारा 19. गर्मी, ताप 21. रसिया, प्रेमी, रसपान करने वाला 23. दबाव, भार 24. भीख 25. काम से जी चुराने वाला, आलसी।

**ऊपर से नीचे**

1. साहस, वीरता, बहादुरी 2. बहिन, प्रवाहित होना 3. प्रणय क्रीडा, सुखोपभोग, हावभाव 4. विश्वास, प्रतीति 5. इंतजार 9. खाने-पीने का सामान, रसद 11. नशीला, मदभरा 12. घायल, जख्मी 13. झुकना, प्रणाम, नमस्कार 14. दृष्टि, निगाह 15. तीव्रइच्छा 16. अर्थ, अभिप्राय, स्वार्थ 20. इम्तिहान, योग्यता आदि को परखना 22. जुल्म, अन्याय 23. पत्नी, बीवी, एक प्रत्यय।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 13 | ■ | 14 | | 15 | ■ | 16 |
| | ■ | 17 | | | ■ | 18 | | |
| 19 | 20 | | ■ | 21 | 22 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | 23 | |
| 24 | | ■ | ■ | 25 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 87 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दा | ड़ी | ■ | की | ■ | खा | सो | आ | म |
| वा | ■ | त | म | त्रा | ■ | ■ | जा | ■ |
| न | जा | क | त | ■ | बा | अ | द | ब |
| ल | ■ | ली | ■ | वि | ला | प | ■ | हा |
| ■ | अ | फ | सा | ना | ■ | मा | हि | र |
| दा | ब | ■ | ■ | श | गु | न | ■ | ■ |
| न | ■ | उ | प | का | र | ■ | शि | ■ |
| व | ■ | त्स | ■ | र | ■ | त | क | ला |
| ■ | सा | ब | न | ■ | गु | रु | वा | र |

## सू-दोकू- 88

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | | 4 | | | 7 | |
| | | 6 | 9 | | 2 | | | 1 |
| | 7 | | | 6 | | 8 | | 2 |
| 1 | | | | | | | 8 | |
| | 8 | | | 5 | | 2 | | 3 |
| 3 | | 2 | | | 4 | | 1 | |
| | 3 | | 2 | | | 4 | | |
| | | 8 | | 1 | 6 | | | 7 |
| 9 | | | 4 | | | | 2 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र 87 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | 6 | 8 | 2 | 5 | 4 | 7 | 1 |
| 8 | 2 | 5 | 1 | 7 | 4 | 6 | 3 | 9 |
| 7 | 1 | 4 | 6 | 9 | 3 | | 2 | 5 |
| 1 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 2 | 6 | 7 | 5 | 4 | 8 | 1 | 9 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 6 |
| 6 | 7 | 2 | 4 | 3 | 9 | 5 | 1 | 8 |
| 9 | 5 | 1 | 7 | 8 | 6 | 3 | 4 | 2 |
| 4 | 3 | 8 | 2 | 5 | 1 | 9 | 6 | 7 |